कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार शाहगंज तहसील बुधनी जिला सीहोर

क्रमांक / 393 / रीडर / 24 शाहगंज दिनांक 17 / 11 / 2024

प्रति,

श्रीमान तहसीलदार महोदय

तहसील–बुधनी जि0– सीहोर

विषयः– मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा निर्देश उपरांत भी कार्य से विरत रहने की दशा में पटवारी **श्री रजत भंवर, श्री रेवाराम कटारे एवं श्रीमती पूनम दुपारे** का दो दिवस का वेतन राजसात किए जाने तथा उक्त अवधि को *dies non* करने की कार्यवाही बाबत् ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्व महाभियान 3.0 अंतर्गत पटवारियों को दिनांक 15 / 11 / 2024 को आपके तथा अपर कलेक्टर महोदय के द्वारा राजस्व अभियान अंतर्गत चिन्हांकित मदों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी अनुक्रम में तहसील बुधनी के व्हाट्सएप ग्रुप पर, दूरभाष पर तथा *VC* में भी पटवारियों को अपने हल्के के ग्रामों में पहुंचकर राजस्व अभियान 3.0 के अंतर्गत चिन्हाकिंत सभी पैरामीटर पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया था।

1. वृत्त शाहगंज के पटवारी श्री रजत भंवर को दिनांक 16 / 11 / 2024 को दूरभाष पर अवगत कराकर कार्य की प्रगति चाही गई किंतु वे मुख्यालय एवं हल्के में उपस्थित नहीं हुए। आज दिनांक 17 / 11 / 2024 को पुनः दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा घोर स्वेच्छाचारिता का परिचय देते हुए कॉल रिसीव नहीं किया गया। इससे स्पष्ट है कि वे आज भी मुख्यालय पर नहीं थे । उनके द्वारा विगत 2 दिवस अवधि में कोई कार्य नहीं किया गया है तथा ये जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कार्यालय में भी उपस्थित नहीं हुए। ऐसी स्थिति में पटवारी श्री रजत भंवर का विगत **2 दिवस का वेतन राजसात किए जाने तथा उक्त दिवस की सेवा अवधि को *dies non* अवधि** करने की कार्यवाही प्रस्तावित है।
2. वृत्त शाहगंज के पटवारी श्री रेवाराम कटारे को दिनांक 16 / 11 / 2024 को दूरभाष पर अवगत कराकर कार्य की प्रगति चाही गई किंतु वे मुख्यालय एवं हल्के में उपस्थित नहीं हुए। आज दिनांक 17 / 11 / 2024 को पुनः दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा घोर स्वेच्छाचारिता का परिचय देते हुए कॉल रिसीव नहीं किया गया। इससे स्पष्ट है कि वे आज भी मुख्यालय पर नहीं थे । उनके द्वारा विगत 2 दिवस अवधि में कोई कार्य नहीं किया गया है तथा ये जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कार्यालय में भी उपस्थित नहीं हुए। ऐसी स्थिति में पटवारी श्री रेवाराम कटारे का

विगत **2 दिवस का वेतन राजसात किए जाने तथा उक्त दिवस की सेवा अवधि को *dies non* अवधि** करने की कार्यवाही प्रस्तावित है।

3. वृत्त शाहगंज की पटवारी श्रीमती पूनम दुपारे को दिनांक 16/11/2024 को दूरभाष पर अवगत कराकर कार्य की प्रगति चाही गई किंतु वे मुख्यालय एवं हल्के में उपस्थित नहीं हुई । आज दिनांक 17/11/2024 को पुनः राजस्व निरीक्षक द्वारा दूरभाष पर संपर्क करने पर श्रीमती दुपारे द्वारा घोर स्वेच्छाचारिता का परिचय देते हुए आज भी आने से इंकार कर दिया। स्पष्ट है कि वे आज भी मुख्यालय पर नहीं थी । उनके द्वारा विगत 2 दिवस अवधि में कोई कार्य नहीं किया गया है तथा ये जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कार्यालय में भी उपस्थित नहीं हुई। ऐसी स्थिति में पटवारी श्रीमती पूनम दुपारे का विगत **2 दिवस का वेतन राजसात किए जाने तथा उक्त दिवस की सेवा अवधि को *dies non* अवधि** करने की कार्यवाही प्रस्तावित है।

प्रतिवेदन नियमानुसार उचित कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

अतिरिक्त तहसीलदार
वृत्त शाहगंज, तहसील बुधनी